जयपुर व चित्तौड़गढ़ में खुलेंगे सैटेलाइट अस्पताल

चर्चा में क्यों?

14 मई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के करबला क्षेत्र (हवामहल) और चित्तौड़गढ़ में सैटेलाइट चिकित्सालयों के खोले जाने की स्वीकृति दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में इन सैटेलाइट चिकित्सालयों के खोले जाने की स्वीकृति दी है। इनके लिये 98 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है।
- इन दोनों चिकित्सालय में कनिष्ठ विशेषज्ञ के 5 पद, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी डेंटल, कनिष्ठ सहायक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फार्मासिस्ट, डेंटल टैक्नीशियन, नेत्र सहायक के 1-1 पद, चिकित्सा अधिकारी व लैब टैक्नशियन संवर्ग के 4-4 पद, नर्स ग्रेड-प्रथम व रेडियोग्राफर संवर्ग के 2-2 पद, नर्स ग्रेड-द्वितीय के 15 पद, वार्ड बॉय के 6 पद एवं सफाई कर्मचारी के 4 पदों सहित कुल 98 पद सृजित होंगे।
- इन सैटेलाइट चिकित्सालयों के खुलने से आमजन को नज़दीक ही उपचार की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/satellite-hospitals-will-open-in-jaipur-chittorgarh